आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 28.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के अभिभाषण के साथ शुरू। राष्ट्रपति ने कहा – विकसित भारत जी राम जी अधिनियम ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करेगा।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखण्ड हरित हाइड्रोजन नीति सहित आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में एक हजार पैंतीस सहायक अध्यापक–प्राथमिक शिक्षा को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी से जन–जीवन प्रभावित।

संसद बजट सत्र

संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के तहत गांव में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है। यह भ्रष्टाचार और गबन को रोकने में भी सहायक होगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से आज सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लगभग 95 करोड़ भारतीयों को मिल रहा है जबकि, वर्ष 2014 की शुरुआत में केवल 25 करोड़ नागरिकों को ही इन योजनाओं का लाभ मिल रहा था।

उपमुख्यमंत्री निधन

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आज बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया कि वी.एसआर द्वारा संचालित लेयरजेट–45 वीटी–एस.एस.के. विमान बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय ने बताया कि विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। इनमें उपमुख्यमंत्री के साथ दो कर्मी और दो विमान कर्मी सदस्य सवार थे।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।
प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी श्री पवार के निधन पर दुःख जताया है।

राज्य मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आठ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें स्वास्थ्य, उद्योग, ऊर्जा, शिक्षा और जनजातीय कल्याण विभाग प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री के अपर सचिव बंशीधर तिवारी ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रदेश में हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड हरित हाइड्रोजन नीति– 2026 को मंजूरी दी है।
मंत्रिमंडल ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चिन्यालीसौड़ और गौचर हवाई पट्टियों को संयुक्त रूप से नागरिक व सैन्य संचालन के उद्देश्य से एडवांस लैंडिंग ग्राउण्ड लीज के आधार पर रक्षा मंत्रालय को हस्तांतरित करने के लिए सहमति दी।

कैबिनेट बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। वहीं, बैठक से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में एक हजार पैंतीस सहायक अध्यापक–प्राथमिक शिक्षा को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, जिनमें 17 विशेष शिक्षक भी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की, कि सभी युवा शिक्षक राज्य में शिक्षा का स्तर बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पिछले साढ़े चार वर्षों में 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार, युवाओं के भविष्य से किसी को खिलवाड़ नहीं करने देगी।

मौसम

प्रदेश में चारों धाम सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, बर्फबारी से बाधित सड़कों को युद्धस्तर पर खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। बदरीनाथ धाम और आस–पास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई ताज़ा बर्फ़बारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बर्फ़बारी के कारण सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है। उत्तरकाशी जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी, जबकि जिला मुख्यालय और सभी तहसील क्षेत्र में बारिश से तापमान में गिरावट आई है। बागेश्वर जिले में बारिश और बर्फबारी के कारण पूरा जिला शीतलहर की चपेट में है। पिथौरागढ़ जिले में मुनस्यारी सहित मिलम, गूंजी, कुटी, नाभीढांग और दारमा घाटी में बर्फबारी से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के तीन हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है।

वीबीजी राम जी

नई टिहरी में आज विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन– वी बी जी राम जी पर मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी, देहरादून के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने कहा कि वी बी जी राम जी, समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए रोजगार और आय सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पीआईबी के सहायक निदेशक संजीव सुंद्रियाल ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य योजना के प्रावधानों और लाभ की जानकारी मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाना है।

भ्रष्टाचार/गोष्ठी

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने भ्रष्टाचार को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए इसके विरुद्ध निर्णायक रूप से लड़ने का आह्वान किया है। आज लोक भवन में सतर्कता अधिष्ठान की ओर से आयोजित ''भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा'' पर आयोजित गोष्ठी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष–2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करना अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा भ्रष्टाचार को न स्वीकार करने का संकल्प लें। गोष्ठी में पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षाविदों और युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने भ्रष्टाचार के कारणों, उसके सामाजिक प्रभाव औरनिवारण के उपायों पर अपने विचार साझा किए।